शिक्षा का सार और उसकी भूमिका (The Essence and Role Education) →

इसमें यह स्वीकार किया गया है कि सबके लिए शिक्षा हमारे भौतिक एवं अध्यात्मिक विकास की बुनियादी आवश्यकता है। शिक्षा मनुष्य को सुसंस्कृत बनाती है और संवेदनशील बनाती है. जिससे राष्ट्रीय एकता विकसित होती है। यह

Scanned with CamScanner

यह मनुष्य में स्वतंत्र चिन्तन एवं सोच समझ की क्षमता उत्पन्न करती है जिससे हमें लोकतंत्रीय लक्ष्य- समानता, स्वतंत्रता, भ्रातृत्व, न्याय, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की प्राप्ति कर सकते हैं, आर्थिक विकास कर सकते हैं और अपने वर्तमान एवं भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षा वास्तव में एक उत्तम निवेश (Investment) है।

राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली - (National System of Education) →

राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में संविधान की मूल धारणा - 'एक निश्चित स्तर तक बिना किसी भेदभाव के सभी को समान शिक्षा उपलब्ध हो' को सर्वप्रथम वरीयता दी जानी चाहिए। साथ ही पूरे देश में समान शिक्षा संरचना 10+2+3 लागू होनी चाहिए। इसमें प्रथम 10 वर्षीय शिक्षा की ऐसी आधार-भूत पाठ्यचर्या (Core curriculum) तैयार होनी चाहिए जिसके द्वारा राष्ट्रीय मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण हो सके। साथ ही प्रत्येक स्तर की शिक्षा का न्यूनतम अधिगम स्तर (Minimum Level of Learning) निश्चित होना चाहिए और उसमें गुणात्मक सुधार होना चाहिए।

समानता के लिए शिक्षा (Education for Equality) →

इसमें इस पर बल दिया गया कि शिक्षा

Scanned with CamScanner

के क्षेत्र की विषमताओं को दूर किया जाना चाहिए और महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, विकलांगों और प्रौढ़ों की शिक्षा के लिए विशेष प्रयत्न किये जाने चाहिए।

विभिन्न स्तरों पर शिक्षा का पुनर्गठन, शिशुओं की देखभाल और शिक्षा (Reorganazation of Education at Different Stage - Early childhood Care and Education) →

पूर्व प्राथमिक स्तर पर शिशुओं के पोषण, प्राथमिक स्तर पर बच्चों की रुचिपूर्ण क्रियाओं, माध्यमिक स्तर पर गति निर्धारक विद्यालयों (Pace Setting Schools) की स्थापना और उच्च स्तर पर खुले विश्वविद्यालयों की स्थापना पर बल दिया गया है साथ ही यह घोषणा की गई है कि कुछ चुने हुए क्षेत्रों में रोजगारों को उपाधियों से विलग करने की शुरुआत की जायेगी।

तकनीकी एवं प्रबंध शिक्षा (Technical and Management Education) →

इसमें तकनीकी एवं प्रबंध शिक्षा के महत्व को स्पष्ट किया गया है और इसकी समुचित व्यवस्था पर बल दिया गया है।

शिक्षा व्यवस्था को कारगर बनाना (Making the System Work) →

Scanned with CamScanner

Date
Page

शिक्षा के प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय बनाने, शिक्षकों की जवाबदेही निश्चित करने और शिक्षार्थियों को कर्तव्य बोध कराने पर बल दिया गया है।

Scanned with CamScanner